भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1305
उत्तर देने की तारीख-27/07/2026

पंजाब के विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति

†1305. **श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्ष 2025 की बाढ़ के दौरान पंजाब में 3000 सरकारी विद्यालय या तो क्षतिग्रस्त या जलमग्न हो गए थे तथा बाढ़ का पानी उतरने के कई महीनों बाद भी फाजिल्का, फिरोजपुर, अमृतसर, गुरदासपुर और संगरूर में कई विद्यालय भवन ढांचागत रूप से क्षतिग्रस्त या बंद रहे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पंजाब के सरकारी विद्यालयों में स्वीकृत पदों की वह संख्या जो भरी नहीं गई हैं, उसके सहित, शिक्षकों की रिक्ति की वर्तमान स्थिति जिला-वार क्या है;
(ग) क्या पंजाब सरकार को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के मानदंडों के अनुसार शिक्षकों की भर्ती में तेजी लाने की सलाह दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या केंद्र द्वारा पंजाब के सरकारी विद्यालयों में शैक्षिक परिणामों का इस दृष्टिकोण से कोई संपरीक्षण किया गया है, जिसमें वर्तमान सत्तारूढ़ राज्य सरकार के पहले और दूसरे वर्ष की तुलना पूर्ववर्ती राज्य सरकार के कार्यकाल से की गई हो और यदि हां, तो पाठन और गणन-साक्षरता के स्तर में वास्तविक सुधार या गिरावट के संबंध में निष्कर्षों में क्या ब्यौरा सामने आया है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है तथा अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आते हैं। अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान पंजाब भीषण बाढ़ की समस्या से गुजरा है। गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित आपदा पश्चात आवश्यकता आकलन (पीडीएनए) के अनुसार, पंजाब राज्य में कुल 505 प्राथमिक स्कूलों तथा 271 मिडिल/माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है, जबकि 1,932 प्राथमिक स्कूल, 1,109 मिडिल

/माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्कूल तथा 141 ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा कार्यालय (बीपीईओ) गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

पंजाब राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, शिक्षण-अधिगम कार्यकलापों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, जहां कहीं आवश्यक हो, तत्काल सुरक्षा उपाय और अस्थायी व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रभावित स्कूल के बुनियादी ढांचे की मरम्मत, बहाली और पुनर्वास कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू किए गए थे।

(ख) और (ग): पंजाब राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पंजाब के सरकारी स्कूलों में रिक्त स्वीकृत पदों की संख्या सहित शिक्षकों की रिक्तियों की वर्तमान जिला-वार स्थिति अनुलग्नक-I में दी गई है। इसके अतिरिक्त, नि:शुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित मानदंडों के अनुसार, निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) प्राथमिक स्तर पर 30:1 तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 35:1 है। वर्तमान में पंजाब राज्य में प्राथमिक स्तर पर 18:1 और उच्च प्राथमिक स्तर पर 16:1 का पीटीआर है, जो निर्धारित आरटीई मानदंडों के भीतर है।

यह विभाग समीक्षा बैठकों और परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठकों के दौरान शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य पर बल देता है/सलाह देता है। तथापि, शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है तथा शिक्षकों की भर्ती/तैनाती तथा निबंधन/सेवा शर्तें संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के क्षेत्राधिकार में आते हैं।

(घ): राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस): एनएएस 2021 राज्य सरकार के स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, निजी गैर-सहायता प्राप्त तथा केंद्र सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 3, 5, 8 और 10 के छात्रों की अधिगम उपलब्धि का आकलन करने के लिए आयोजित किया गया था। पंजाब राज्य में एनएएस 2021 में छात्रों का प्रदर्शन अनुलग्नक-II में दिया गया है। एनएएस 2021 के निष्कर्ष https://ncert.nic.in/SRC_2021.php?ln=en पर उपलब्ध हैं।

इसके बाद, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का आयोजन क्रमशः कक्षा 3, 6 और 9 के लिए जिला स्तर पर मूलभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों के अंत में दक्षताओं के विकास में आधारभूत प्रदर्शन को समझने के लिए किया गया था। पंजाब राज्य में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में छात्रों का प्रदर्शन अनुलग्नक-III में दिया गया है। परख के निष्कर्ष https://parakh.ncert.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

****

अनुलग्नक-I

'पंजाब के विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती हरसिमरत कौर बादल द्वारा दिनांक 27 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1305 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

शिक्षक रिक्तियों की जिला-वार स्थिति

क्र. सं.	जिला	कुल स्वीकृत	कुल रिक्त
1.	अमृतसर	7505	1490
2.	बरनाला	2056	308
3.	बठिंडा	4887	358
4.	फरीदकोट	2524	185
5.	फतेहगढ़ साहिब	2735	596
6.	फाजिल्का	4830	242
7.	फिरोजपुर	4018	450
8.	गुरदासपुर	6527	1314
9.	होशियारपुर	7317	1665
10.	जालंधर	6935	1764
11.	कौरथला	3366	957
12.	लुधियाना	9975	2179
13.	मलेरकोटला	1420	185
14.	मानसा	3233	268
15.	मोगा	3801	691
16.	मुक्तसर	3713	323
17.	पठानकोट	2391	412
18.	पटियाला	6795	870
19.	रूपनगर	3345	927
20.	संगरूर	4425	468
21.	एसएएस नगर	3734	344
22.	एसबीएस नगर	2716	919
23.	तरनतारण	4804	1100
कुल योग		**103052**	**18015**

अनुलग्नक-II

'पंजाब के विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती हरसिमरत कौर बादल द्वारा दिनांक 27 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1305 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एनएएस 2021 - विभिन्न विषयों में छात्रों का प्रदर्शन (प्रतिशत में)

कक्षा 3:

विषय	भाषा	गणित	ईवीएस
पंजाब	75	70	70

कक्षा 5:

विषय	भाषा	गणित	ईवीएस
पंजाब	69	57	59

कक्षा 8:

विषय	भाषा	गणित	विज्ञान	सामाजिक अध्ययन
पंजाब	67	50	50	49

कक्षा 10:

विषय	आधुनिक भारतीय भाषा	अंग्रेज़ी	गणित	विज्ञान	सामाजिक विज्ञान
पंजाब	50	62	46	46	48

अनुलग्नक-III

'पंजाब के विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती हरसिमरत कौर बादल द्वारा दिनांक 27 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1305 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

परख 2024 - विभिन्न विषयों में छात्रों का प्रदर्शन (प्रतिशत में)

कक्षा 3:

विषय	भाषा	गणित
पंजाब	82	78

कक्षा 6:

विषय	भाषा	गणित	हमारे आसपास की दुनिया
पंजाब	74	62	64

कक्षा 9:

विषय	भाषा	गणित	विज्ञान	सामाजिक विज्ञान
पंजाब	69	52	54	52

****